**भारत सरकार**
**परमाणु ऊर्जा विभाग**
**13.08.2014 को लोक सभा में**
**पूछा जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या : 5046**

**आणविक विद्युत संयंत्र द्वारा कल्याणकारी कार्यकलाप**

5046. श्री भोला सिंह:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के एक भाग के रूप में नरोरा आणविक विद्युत संयंत्र द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ऐसे कार्यकलापों पर खर्च की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या संयंत्र प्राधिकारियों और संयंत्र आधारित उद्योग द्वारा स्थानीय लोगों को कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया गया है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आज की तिथि में संयंत्र में कार्य कर रहे स्थानीय लोगों की संवर्ग-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय ( डॉ. जितेन्द्र सिंह ) :

(क) नरोरा परमाणु बिजलीघर (एनएपीएस), आस-पास के क्षेत्रों में अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के एक भाग के रूप में, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत व्यवस्था के क्षेत्र में कल्याण कार्य करता है।

➢ स्वास्थ्य परिचर्या :

- नि:शुल्क नेत्र शिविर
- निकटवर्ती ग्रामवासियों के लिए नि:शुल्क उपचार और औषधियाँ
- आपातस्थिति/दुर्घटना के मामले में बिजलीघर के आस-पास रहने वाले लोगों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना

➢ शिक्षा :

- पुस्तकों, अध्ययन सामग्री सहित नि:शुल्क शिक्षा
- प्रतिभा पोषण कार्यक्रम
- निकटवर्ती सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को वर्दी का वितरण

➢ आधारभूत व्यवस्था का विकास :

- बारातघर का निर्माण
- गाँवों तक पहुंचने के लिए सड़क का निर्माण
- विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण
- विद्यालयों में शौचालयों, चारदीवारी का निर्माण किया जाना, खेल के मैदानों में मिट्टी का भरा जाना

नरोरा परमाणु बिजलीघर द्वारा, पिछले तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी कार्यकलापों पर व्यय की गई धनराशि नीचे दी जा रही है :

| वर्ष | व्यय लाख रुपए में |
|---|---|
| 2011-12 | 125.83 |
| 2012-13 | 60.75 |
| 2013-14 | 57.86 |
| 2014-15 | जारी है |

इसके अतिरिक्त, 2012-2014 की संयुक्त अवधि के दौरान 16.45 लाख रुपए का व्यय भी किया गया था।

(ख) जी, हाँ।

(ग) नरोरा परमाणु बिजलीघर के कुल 971 कर्मचारियों में से, 547 कर्मचारी गृह जिले/साथ वाले जिलों से संबंध रखते हैं; और 772 कर्मचारी गृह राज्य से संबंध रखते हैं। काम करने वाले इन स्थानीय व्यक्तियों का संवर्ग-वार ब्यौरा नीचे दिए अनुसार है :

| संवर्ग | गृह राज्य से संबध रखने वाले लोगों की संख्या |
|---|---|
| वर्ग - क | 167 |
| वर्ग - ख | 440 |
| वर्ग - ग | 165 |

माल तथा सेवा क्षेत्र में बहुत से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार/व्यापार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

*******